गुर प्रसाद सब जानिअ राजा । कहिअ न आपन जानि अकाजा ।।
मख रखवारि करि दुहुं भाइ । गुरु प्रसाद सब बिद्या पाइ ।।
सहित समाज तुम्हार हमारा । घर बन गुर प्रसाद रखवारा ।।
|| मानस गुरुप्रसाद || Ram Katha 982- Harvard-Massachusetts, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 32 | इंदौर, शनिवार 22 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मप्र के छिंदवाड़ा अस्पताल में बड़ा हादसा

## वार्मर में लगी आग, तीन नवजात झुलसे; जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (NICU) में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक वार्मर मशीन में अचानक स्पार्किंग के बाद आग लग गई। हादसे के दौरान वार्मर में रखे तीन नवजात बच्चे इसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए।

जानकारी के अनुसार, नवजात बच्चों को जन्म के बाद शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने और गहन देखभाल के लिए वार्मर में रखा जाता है। रात में वार्मर की हीटिंग यूनिट के फिलामेंट में अचानक स्पार्किंग हुई, जिसके बाद आग लग गई। आग की चपेट में आने से वार्मर में मौजूद तीनों नवजात गंभीर रूप से झुलस गए।

### हादसे के बाद मची अफरा-तफरी

हादसे के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल चिकित्सकों और अस्पताल स्टाफ ने बच्चों को वार्मर से बाहर निकालकर उपचार शुरू किया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों नवजातों को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बच्चों को दो डॉक्टरों की निगरानी में जबलपुर भेजा गया।

## झारखंड की सीमेंट फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 इंजीनियरों की मौत

यूनिट इन्चार्ज का आरोप- ओवरहीटिंग के चलते हादसा हुआ, कई बार AC लगाने का कहा था

**रामगढ़ (झारखंड), (एजेंसी)** झारखंड के रामगढ़ के बरकाकाना में मां छिन्नमस्तिका सीमेंट एंड इस्पात फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री में काम के दौरान अचानक टरबाइन ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि प्लांट में भीषण आग लग गई। हादसे में 3 इंजीनियर्स की झुलसने से मौत हो गई। एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतकों की पहचान रांची के संजीव कुमार केसरी (50), बोकारो के जगेश्वर बिहार के विनीत महतो (25) और गढ़वा निवासी अभिषेक पांडेय (24) के रूप में हुई है। घायल मजदूर तरुण रजवार को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है।

ब्लास्ट और आग लगने की सूचना मिलते ही फैक्ट्री प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद रामगढ़ से चार-पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद फैक्ट्री के पावर प्लांट में लगी आग पर काबू पाया। हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में देर रात तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।

घटना की जानकारी मिलने के बाद शनिवार सुबह स्थानीय ग्रामीण भी बड़ी संख्या में फैक्ट्री के सामने इकट्ठा हुए। ग्रामीणों ने हादसे में मारे गए कर्मचारियों के आश्रितों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है।

● जनविश्वास अभियान में CM मोहन यादव का एक्शन जारी

# लापरवाही पर जिला पंजीयक निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को जनविश्वास अभियान के तहत टीकमगढ़ में नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की जानकारी ली और अधिकारियों को मौके पर ही इनके निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान दयाराम लोधी ने अपनी मां रानीबाई की मृत्यु के बाद सहकारी बैंक की मवई शाखा द्वारा नॉमिनी के खाते में राशि ट्रांसफर नहीं किए जाने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदारी में लापरवाही पाए जाने पर जिला पंजीयक सहकारिता एसके कौशिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने महेश प्रसाद लोधी, कमलेश नामूलिया, दयाराम लोधी, कालीचरण सिंह राजपूत और हरिराम विश्वकर्मा से भी सीधे बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समय सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए।

**फील्ड में जाकर योजनाओं की निगरानी करें अधिकारी-** डॉ. यादव ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाएं और




सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति देखें। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर ही प्रभावी समाधान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी, जबकि बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

**सीएम मोहन बोले- उद्योगों को मिलेंगी सभी सुविधाएं-** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनविश्वास अभियान के तहत टीकमगढ़ में उद्यमियों से संवाद में कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार उद्योगों के लिए मूलभूत सुविधाएं, निर्बाध बिजली, बेहतर अधोसंरचना और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ में उपलब्ध संसाधनों को अवसरों में बदलकर जिले में उद्योग और रोजगार को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झांसी, जतारा और टीकमगढ़ के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने से जिले को दूसरे प्रदेशों से जोड़ने में मदद मिलेगी।

**होटल और होम स्टे बनाने की अपील-** मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि जिले में होटल, होम स्टे और इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने की दिशा में आगे आएं। सरकार की ओर से इसके लिए सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ में धार्मिक पर्यटन की बड़ी संभावनाएं हैं। महाकाल लोक की तर्ज पर कुंडेश्वर धाम का विकास किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग की टीम जल्द यहां भेजी जाएगी। उन्होंने कुंडेश्वर के आसपास होम स्टे विकसित करने पर भी जोर दिया। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने की सुविधा मिलेगी और स्थानीय लोगों के लिए आय का नया जरिया तैयार होगा।

**पीतल शिल्प को मिलेगा नया बाजार-** मुख्यमंत्री को बताया गया कि टीकमगढ़ के धरमपुर की पारंपरिक बेल मेटल यानी पीतल शिल्प कला के विकास के लिए 1.99 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित है। करीब 6.99 हेक्टेयर जमीन एमएसएमई विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पारंपरिक कला को केवल विरासत तक सीमित न रखा जाए। इसे आधुनिक तकनीक, बेहतर सुविधाओं, कारीगरों के प्रशिक्षण, रोजगार और बड़े बाजार से जोड़ा जाए, ताकि कारीगरों की आय बढ़ सके।

टीकमगढ़ को बड़ी सौगात

## महाकाल की तर्ज पर बनेगा कुंडेश्वर लोक, 3 हजार करोड़ की स्टील यूनिट भी शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि टीकमगढ़ जिले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महाकाल की तर्ज पर कुंडेश्वर लोक विकसित किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग विस्तृत योजना तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकमगढ़ की पहचान उसके पीतल शिल्प और कारीगरों से भी है। इन कारीगरों की कला को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम करेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जनविश्वास अभियान के तहत जिला विकास समिति की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले के विकास की जरूरतों को समझने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रभावशाली नागरिकों और अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। इसके आधार पर जिले के लिए विकास कार्यों की योजना तैयार की जाएगी।



### 3 हजार करोड़ की इस्पात इकाई शुरू

मुख्यमंत्री ने बताया कि निवाड़ी-टीकमगढ़ के बीच करीब 3 हजार करोड़ रुपये की इस्पात उद्योग इकाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के अवसर पैदा करने पर सरकार का विशेष ध्यान है। सागर में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद कई उद्योगों ने निवेश किया है और कुछ में उत्पादन भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ सहित प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। इन उद्योगों की जरूरत के अनुसार युवाओं को आईटीआई और कौशल विकास कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके।

# बारिश के लिए अब खजराना गणेश से की जाएगी प्रार्थना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मालवा निमाड़ समेत मध्य भारत का सबसे समृद्ध शहर इंदोर बारिश की कमी से जूझ रहा है। इंदौर में बारिश का आंकड़ा कुल कोटे से अभी 20 इंच दूर है और अगस्त आधे से अधिक निकल चुका है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो आने वाले समय में शहर में गंभीर जल संकट पैदा हो सकता है। हाल ही में खजराना मंदिर प्रबंध समिति की बैठक हुई और उसमें भी यह मुद्दा उठा। शहर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने के लिए की गई प्रार्थना की तर्ज पर अब बारिश के लिए भी भगवान गणेश से प्रार्थना की जाएगी।**



इससे पहले पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ने पंढरीनाथ के समीप प्राचीन इंद्रेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा कर बारिश के लिए प्रार्थना की थी। कलेक्टर शुभम वर्मा ने कहा कि शहर पर आने वाली हर विपदा के समय भगवान गणेश से प्रार्थना की जाती है और अल्प वर्षा को लेकर भी इस पर विचार किया जा रहा है। इंदौर आज जो भी है उसमें भगवान खजराना गणेश का आशीर्वाद है और जब भी यहां कोई परेशानी आई है तो भगवान गणेश से प्रार्थना की जाती है। बारिश नहीं होने पर शहर के प्राचीन इंद्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा की परंपरा है। इसी क्रम में पूर्व लोकसभा स्पीकर व पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ने भी बीते शनिवार को मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा की थी और शहर में अच्छी बारिश की कामना की थी। इंदौर में इस साल मानसून की रफ्तार शुरुआत से ही धीमी रही। 1 जून से 20 अगस्त तक शहर में कुल 17.2 इंच बारिश दर्ज की गई है। अकेले अगस्त में अब तक करीब 2 इंच ही पानी बरसा है। इसी वजह से चर्चा हो रही है कि वर्ष 2000 में जो भीषण सूखा था, कहीं वही समय फिर से तो नहीं आ जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2000 इंदौर के इतिहास के सबसे गंभीर सूखा वर्षों में शामिल रहा था। उस साल पूरे मानसून सीजन में सिर्फ 16.8 इंच बारिश हुई थी, जो सामान्य औसत 37 इंच से करीब 54% कम थी। हालांकि, उसके मुकाबले इस साल स्थिति थोड़ी बेहतर है, इस साल 20 अगस्त तक 17.2 इंच बारिश हो चुकी है। वहीं अभी मानसून सीजन के भी लगभग 40 दिन बचे हुए हैं।

## कीचड़ में बैठकर पार्षद रहवासियों का धरना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। वार्ड 75 स्थित भावना नगर-पालदा नाका क्षेत्र में सड़क की बदहाली से परेशान पार्षद और रहवासियों ने नगर निगम के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। सड़क निर्माण नहीं होने से नाराज पार्षद कुणाल सोलंकी रहवासियों के साथ सड़क पर जमा कीचड़ में ही बैठ गए और धरना दिया। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की। रहवासियों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से खराब है। बारिश होते ही पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है। इससे पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। रहवासी और पार्षद द्वारा प्रदर्शन के बाद नगर निगम ने सड़क का काम शुरू कर दिया गया है। धरना-प्रदर्शन खत्म हो गया है। पार्षद कुणाल सोलंकी ने नगर निगम कमिश्नर और एडिशनल कमिश्नर से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की मांग की। उन्होंने बताया कि सड़क का काम करीब चार साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। यह सड़क वार्ड 75 और 77 के बीच आती है। अधूरे निर्माण के कारण आसपास के रहवासियों को लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही है।

# कलेक्टर कार्यालय पर जेन-अल्फा का प्रदर्शन

### देवगुराड़िया-कंपेल रूट पर सिटी बस की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बस सुविधा नहीं मिलने से स्कूल पहुंचने में हो रही परेशानी अब जेन-अल्फा के विद्यार्थियों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है। इंदौर के देवगुराड़िया से कंपेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक बस चलाने की मांग को लेकर विद्यार्थी शुक्रवार सुबह से कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं।**



विद्यार्थियों का कहना है कि बस के अभाव में वे चार दिनों से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह उनकी तीसरी कोशिश है, लेकिन दोपहर तक कलेक्टर से मुलाकात नहीं हो सकी। विद्यार्थी हाथों में खुद बनाई तख्तियां लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उनका कहना है कि जब सांदीपनि स्कूल के लिए बस संचालित की जा सकती है, तो कंपेल के विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा क्यों नहीं दी जा रही है। देवगुराड़िया से कंपेल की दूरी करीब 17 किलोमीटर है। रास्ते में सनावदिया, जामनिया, उज्जैन और पिवड़ाय सहित कई गांव आते हैं, जहां से विद्यार्थी कंपेल के स्कूल में पढ़ने पहुंचते हैं। प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए जेन-जी के लिए इंदौर में प्रदर्शन करने वाले अरुण बड़ोले भी पहुंचे।

विद्यार्थियों ने बताया कि स्कूल का समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक है, लेकिन निजी बसों का समय स्कूल के अनुरूप नहीं है। सुबह समय पर बस नहीं मिलने के कारण उनकी दो कक्षाएं छूट जाती हैं। स्कूल की छुट्टी के बाद भी बस नहीं मिलती, जिससे घर लौटने में परेशानी होती है। निजी बसों में भीड़ इतनी रहती है कि कई बार विद्यार्थियों को खड़े होकर सफर करना पड़ता है। विद्यार्थियों ने बताया कि अधिकांश परिवार मजदूरी और छोटे व्यवसायों से अपना गुजारा करते हैं। ऐसे में रोज का अतिरिक्त बस किराया परिवारों पर आर्थिक बोझ बन रहा है। विद्यार्थियों ने सिटी बस का मासिक पास 200 रुपए करने की मांग भी रखी है। उनका कहना है कि फिलहाल 600 रुपए प्रतिमाह लिए जा रहे हैं, जो उनके परिवारों के लिए अधिक है।

# मंत्री विजयवर्गीय के घर के पास चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नंदानगर स्थित घर के पास गुरुवार रात कार सवार बदमाशों ने कपड़ा व्यापारी पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों ने व्यापारी की पीठ के नीचे चाकू मारे और वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। घायल व्यापारी को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, नंदानगर निवासी भारत (22) पिता मनोज की कृष्णा किट्स वियर नाम से कपड़े की दुकान है। गुरुवार रात वह एक्टिवा से बजरंग नगर की पानी की टंकी पर पानी लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में सामने से तेज रफ्तार कार आई। कार सवार सड़क पर तेज गति से वाहन चलाते हुए हुड़दंग कर रहे थे। भारत ने कार सवारों को वाहन धीरे चलाने की समझाइश दी। इस पर वे भड़क गए और उससे विवाद करने लगे। आरोपियों ने भारत को घेरकर मारपीट की। इसी दौरान एक युवक ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। चाकू लगने से भारत गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन ने रात में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए टीम बनाई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# सोना लेकर फरार अकाउंटेंट पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर थाना पुलिस ने भोपाल में किराए से रहने वाले सोना लेकर फरार अकाउंटेंट के खिलाफ FIR का मामला दर्ज किया है। गुजरात निवासी कौशल सिंह जडेजा पर व्यापारी अमित पालीवाल से सोने का बिस्किट और आभूषण लेकर रुपए नहीं देने का आरोप है। पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है।**

भोलेनाथ कॉलोनी निवासी व्यापारी अमित पालीवाल ने पुलिस को बताया कि वे सोने-चांदी का व्यवसाय करते हैं। उनके व्यापारिक परिचित निलेश जैन ने कौशल सिंह जडेजा से उनकी पहचान कराई थी। निलेश ने कौशल को अपना रिश्तेदार और अकाउंटेंट बताया था। शुरुआत में कौशल ने एक-दो बार सोने के आभूषण लिए, जिससे अमित को उस पर विश्वास हो गया। इसके बाद 4 अगस्त को कौशल इंदौर आया और अमित को मैरियट होटल सर्विस रोड पर मिलने के लिए बुलाया। कौशल ने अमित से 80 ग्राम का सोने का बिस्किट, 85 ग्राम की सोने की चेन, चार सोने की चूड़ियां, सोने के टॉप्स और एक सोने की चेन ली। उसने कहा कि दो से चार दिन में इन्हें बेचकर रुपए दे देगा। तीन दिन बाद अमित ने कौशल को फोन किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। निलेश से संपर्क करने पर उसने भी बताया कि कौशल से उसकी बातचीत नहीं हो रही है। निलेश ने यह भी बताया कि 11 अगस्त को उसके भाई के 25 लाख रुपए भी कौशल लेकर गया है। इसके बाद अमित कौशल को तलाशते हुए भोपाल के कोलार रोड पहुंचे। वहां पता चला कि कौशल एक-दो दिन पहले ही घर पर ताला लगाकर पत्नी और बच्चों के साथ चला गया है।अमित ने भोपाल से भी कौशल से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन जानकारी नहीं मिली। इसके बाद वह इंदौर आए और विजयनगर पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने गुरुवार रात कौशल सिंह जडेजा के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। पुलिस की टीमें आरोपी की तलाश में जुटी हैं।

# जन विश्वास अभियान में लापरवाही पर इंजीनियर सस्पेंड
## निगम कमिश्नर ने दूसरे को किया बर्खास्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत लोगों की शिकायतों के त्वरित निराकरण में लापरवाही बरतना नगर निगम के इंजीनियर को भारी पड़ गया।**

निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने जोन-9 में पदस्थ सब इंजीनियर व प्रभारी सहायक इंजीनियर (जलप्रदाय) शिवराज यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में इंजीनियर लालराम मेहरा को बर्खास्त कर दिया है। शिवराज यादव के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय ट्रेंचिंग ग्राउंड रहेगा। शुक्रवार को निगम की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 21 अगस्त को जोन-9 के निरीक्षण के दौरान बंबई की चाल, न्यू देवास रोड के रहवासियों ने घरेलू पेयजल कनेक्शन के जरिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की शिकायत की थी। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि शिकायत पर न तो मौका निरीक्षण किया गया और न ही उसका निराकरण कराया गया। निगम कमिश्नर ने इसे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना माना।

### शिवराज यादव पर ये आरोप

1. जोन-9 में जलप्रदाय व्यवस्था के प्रभारी थे।
2. रहवासियों की पेयजल संबंधी शिकायत का समय पर निराकरण नहीं कराया।
3. शिकायत की जांच के लिए मौका निरीक्षण तक नहीं किया।
4. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद शिकायतों के त्वरित निराकरण में रुचि नहीं ली।
5. इसे पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता माना गया।

आदेश में बताया है कि शिवराज यादव ने अपने पदीय दायित्व का समुचित तरीके से निर्वहन नहीं किया। उनके खिलाफ मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय ट्रेंचिंग ग्राउंड रहेगा और उन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ता मिलेगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड के प्रभारी अधिकारी को उनकी उपस्थिति की नियमित निगरानी और नियंत्रण के निर्देश दिए गए हैं। निगम कमिश्नर ने इंजीनियर लालराम मेहरा को बर्खास्त कर दिया है। निगम की ओर से उनके खिलाफ की गई कार्रवाई के पीछे विभागीय स्तर पर सामने आई लापरवाही को आधार बनाया गया है।

# आयशर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में एक सड़क हादसे में शुक्रवार दोपहर एक युवक की मौत हो गई। वह अपनी मोपेड से घर की तरफ जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। टक्कर के बाद उसकी मोपेड आयशर के नीचे दब गई और पहिया युवक के ऊपर चढ़ गया। पुलिस के मुताबिक धर्मेंद्र उइके निवासी चितावद है। वह उद्योग नगर मे एक निजी कंपनी में काम करता वह अपनी मोपेड से शुक्रवार करीब 3 बजे के लगभग घर के लिए निकला था। इस दौरान पीछे से उसे एक आयशर ने टक्कर मार दी। धर्मेंद्र की गाडी टक्कर के बाद अंदर ही फंस गई। उसका पहिया उसके उपर से गुजर गया। मौके पर पुलिस की काफी भीड़ लग गई। ड्राइवर यहां गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने आयशर जब्त की है। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। धर्मेंद्र के परिवार से संपर्क किया जा रहा है।

# ZEEFLIX ऐप से कॉपीराइट कंटेंट का अवैध प्रसारण, आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने कॉपीराइट कंटेंट के अनधिकृत प्रसारण और व्यावसायिक उपयोग के मामले में कार्रवाई करते हुए ZEEFLIX ऐप से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि इस ऐप के जरिए जियोस्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और अन्य प्रसारकों के कॉपीराइट कंटेंट को बिना अनुमति और लाइसेंस के उपलब्ध कराया जा रहा था। मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपी प्रेमसिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया है।**




दरअसल, जियोस्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से ZEEFLIX नामक Android Application के माध्यम से कंपनी के कॉपीराइट कंटेंट के अनधिकृत प्रसारण और व्यावसायिक उपयोग को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच में अपराध पाए जाने पर इंदौर क्राइम ब्रांच ने FIR क्रमांक 120/2026 दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ZEEFLIX ऐप की कार्यप्रणाली सामने आई। पुलिस के मुताबिक, ऐप के जरिए बिना अनुमति और वैध लाइसेंस के जियोस्टार सहित अन्य प्रसारकों के कॉपीराइट कंटेंट सदस्यों को उपलब्ध कराया जा रहा था। जांच में ऐप पर करीब एक हजार से ज्यादा टीवी चैनल उपलब्ध होने की जानकारी मिली, जिनमें 50 से अधिक लाइव चैनल भी शामिल बताए गए। शिकायतकर्ता ने ZEEFLIX ऐप की सदस्यता लेकर इसकी कार्यप्रणाली और उपलब्ध कंटेंट का सत्यापन भी किया। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमसिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ऐप के संचालन और इससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि कॉपीराइट कंटेंट का बिना अनुमति प्रसारण और व्यावसायिक उपयोग कानूनन अपराध है। मामले में उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है और यदि अन्य लोग भी इस नेटवर्क से जुड़े पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बता दे इंदौर में इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है जिसके चलते पुलिस काफी बारीकी से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

# जीतू पटवारी के भाई से जुड़े 3 सटोरिए अरेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, तीनों के तार कांग्रेस नेता जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी से जुड़े हैं। कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल निबोला निवासी राजेंद्र नगर, सोमप्रित शिंदे और धर्मेंद्र उर्फ धम्मू खिची निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, तीनों ऑनलाइन सट्टे के काम में लिप्त थे। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान नाना पटवारी के मोबाइल फोन में तीनों आरोपियों की ID मिली थी। इसी आधार पर पुलिस उनके संपर्क और ऑनलाइन सट्टे से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस रिमांड के दौरान तीनों आरोपियों से ऑनलाइन सट्टे के कारोबार में उनकी भूमिका और नाना पटवारी से संपर्क की कड़ियों को लेकर पूछताछ कर रही है।

### होटल में खाद्य विभाग का छापा

# बिना पैकिंग डेट के नॉनवेज मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के प्रतिष्ठित सयाजी होटल में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पकड़ी हैं। दिल्ली की खाद्य विभाग की टीम के साथ इंदौर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने होटल के किचन, स्टोरेज एरिया और खाद्य सामग्री की जांच की। जांच के दौरान करीब 66 किलो नॉनवेज खाद्य सामग्री बिना पैकिंग डेट के मिली। इसके अलावा खाद्य सामग्री के रखरखाव और स्वच्छता को लेकर भी कई खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि होटल में खाद्य सामग्री का निर्धारित तापमान मेंटेन नहीं किया जा रहा था। वेज और नॉनवेज खाद्य सामग्री को एक ही कोल्ड स्टोरेज में रखा गया था। सी-फूड, चिकन और मटन को भी एक साथ स्टोर किया गया था। उबले हुए आलू पर एक्सपायरी डेट की टैगिंग मिली, जबकि कुछ टेट्रापैक लीक मिले, जिससे खाद्य सामग्री के दूषित होने की आशंका जताई गई। टीम को पैक्ड कुल्फी भी मिली, जिस पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट और बैच नंबर दर्ज नहीं था। वहीं, स्टोर में फ्रोजन डेजर्ट रखा मिला, जबकि होटल के मेन्यू में उसे आइसक्रीम के रूप में दर्शाया गया था। कई खाद्य उत्पाद बिना लेबल के भी पाए गए। स्वच्छता व्यवस्था की जांच के दौरान ड्राई स्टोरेज और नॉनवेज स्टोरेज में जंग लगी सामग्री मिली। फूड प्रिपरेशन प्लेटफॉर्म पर भी जंग और रस्ट पाया गया। किचन और स्टोरेज एरिया में कॉकरोच और चूहों की लीद मिलने के साथ ही चूहे भी पाए गए। ड्राई स्टोरेज की दीवार और फर्श में दरारें मिलीं। स्टोर में सड़े हुए टमाटर और आलू तथा मूंगफली में फंगस भी पाया गया।



Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल / यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे।
या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है )

# उद्यमियों के व्यापार-उद्योगों को प्रोत्साहन राज्य सरकार की प्राथमिकताः डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है सरकार औद्योगिक विकास के लिए लगातार काम कर रही है। टीकमगढ़ जिले में औद्योगिक विकास के लिए संसाधनों की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें अवसर में बदलने की है। उन्होंने कहा स्थानीय उद्यमियों के व्यापार और उद्योगों को प्रोत्साहन देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज टीकमगढ़ में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत उद्यमियों से संवाद कर रहे थे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा सरकार औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा अधोसंरचना विकास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा झांसी, जतारा, टीकमगढ़ कनेक्टिविटी बेहतर होने से अन्य प्रदेशों से भी जुड़ सकेगा। होटल, होमस्टे बनाएं, इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करें, राज्य सरकार इसके लिये सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। इसका लाभ जरूर उठाएं। उन्होंने कहा जिले में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, महाकाल लोक की तर्ज पर कुंडेश्वर धाम का विकास कराया जायेगा। पर्यटन विभाग के अधिकारियों की टीम यहां शीघ्र भेजी जाएगी।



**उद्यमियों ने दिए सुझाव**

इस अवसर पर उद्यमी गौरव जैन ने कहा बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं उन्होंने कहा ओरछा, खजुराहो, टीकमगढ़ को तीन प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कर एक एंट्री गेट टूरिस्ट सर्किट बनाया जाए और टीकमगढ़ को धार्मिक टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। महाकाल की तर्ज पर कुंडेश्वर लोक के रूप में विकसित किया जाये। साथ ही टीकमगढ़ का किला मोहनगढ़ और बल्देवगढ़ के किले के विकास की बात कही।

कुंडेश्वर के आसपास होमस्टे बनाएं, इससे जहां तीर्थ यात्रियों को सुविधा होगी, वही लोग लोगों को आय का जरिया मिल जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीकमगढ़ जिले के धरमपुर की प्रसिद्ध पारंपरिक बेल मेटल पीतल शिल्प कला के संबंध में एक करोड़ 99 लाख की योजना प्रस्तावित होने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा टीकमगढ़ की पारंपरिक बेल मेटल शिल्प कला को केवल परंपरा तक सीमित नहीं रखा जाए, बल्कि आधुनिक अधोसंरचना, कारीगर सशक्तिकरण रोजगार और बाजार विस्तार से जोड़े। ज्ञातव्य है कि पीतल शिल्प कला की दिशा में धरमपुरा में लगभग 6.99 हेक्टर भूमि एमएसएमई विभाग के हस्तांतरित हो चुकी है।

उद्यमी राजेश साहू ने कहा कि उनकी मूंगफली प्रसंस्करण यूनिट चल रही है उनका कार्य अच्छा चल रहा है 4 करोड़ रुपए की सब्सिडी सरकार से मिल गई है। सृष्टि मिश्रा जो स्वस्तिक मसाला विनिर्माण इकाई संचालित कर रही हैं ने कहा अच्छा काम चल रहा है उन्होंने कहा सरकार से चार लाख की सब्सिडी मिली है। राज परमार ने कहा हमें विभाग का अच्छा सहयोग मिल रहा है विभागों से कोई दिक्कत नहीं है। जतारा में यूनिट प्रारंभ करना है हाईवे से कनेक्ट करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से कहा सड़क की मांग पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उनकी यूनिट में 500 लोगों को रोजगार मिल रहा है उद्यमी सुनीता राज बुंदेला ने बीज उत्पादन का काम कर रही कहा काम अच्छा चल रहा है। साथ ही शहद का उत्पादन भी किसानों की माध्यम से किया जा रहा है, जिससे एक किसान को औसतन 50 हजार रुपए का लाभ मिल रहा है। उन्होंने ऑयल मिल शुरू करने की योजना पर बात रखी। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पावर पॉइंट के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण और विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, श्रीमती सरोज राजपूत, जतारा विधायक श्री हरिशंकर खटीक, पूर्व विधायक पृथ्वीपुर डॉ. शिशुपाल सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. सुदाम खाडे, आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह एवं संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## छात्रसंघ चुनाव के लिए कांग्रेस ने 13 क्षेत्र प्रभारी बनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में करीब नौ साल बाद छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने 2026-27 के अकादमिक कैलेंडर में सितंबर में प्रदेश के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने का प्रावधान किया है। हालांकि, चुनाव प्रत्यक्ष होंगे या अप्रत्यक्ष, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने संगठनात्मक तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पार्टी ने प्रदेश को 13 क्षेत्रों में बांटकर छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। इन्हें छात्र संगठनों से समन्वय करने और एनएसयूआई समर्थित उम्मीदवारों की तैयारी कराने की जिम्मेदारी दी गई है। 21 अगस्त को जारी सूची के अनुसार भोपाल की जिम्मेदारी प्रकाश चौकसे, इंदौर की अमन बजाज और ग्वालियर की हेवरन कसाना को दी गई है। रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज और मैहर का प्रभार मंजुल त्रिपाठी को मिला है। सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी और टीकमगढ़ में अक्षय दुबे प्रभारी होंगे।

## एक दिन में सर्पदंश से 4 मौतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** जिला अस्पताल में गुरुवार को सर्पदंश से मौत के 4 मामलों में पोस्टमार्टम किए गए। इनमें 2 लोगों को अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि 2 की इलाज के दौरान मौत हुई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने इसकी पुष्टि की है। मृतकों में गणेश पटेल, 27 वर्षीय राकेश यादव, 60 वर्षीय भगुनिया कुशवाहा और 18 वर्षीय रचना साहू शामिल हैं। राकेश यादव और गणेश पटेल को 20 अगस्त को जिला अस्पताल लाया गया था। दोनों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। भगुनिया कुशवाहा को 20 अगस्त की सुबह करीब 3 बजे जिला अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं 18 वर्षीय रचना साहू को सुबह करीब 5:30 बजे शाहगढ़ से जिला अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

## गर्भवती को डोली में ढोया पेट में बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** अपने इलाके में सड़क नहीं होने का खामियाजा एक महिला को अपने गर्भस्थ शिशु की मौत से चुकाना पड़ा। घटना छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव ब्लॉक की है। चीटीपाठा जामुन डोंग निवासी सोनू मलगाम की पत्नी कुस्तरिया को गुरुवार सुबह अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। ग्रामीणों के मुताबिक, टोले तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण 108 एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाई। इसके बाद सरपंच, परिजन और ग्रामीणों ने लकड़ी और कपड़े की मदद से डोली तैयार की। महिला को उसमें बैठाकर वे पैदल ही गांव से बाहर निकले। करीब 8 किलोमीटर का कठिन रास्ता तय करने के बाद महिला को गोप गांव तक पहुंचाया गया। वहां से 108 एंबुलेंस की मदद से महिला को दमुआ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले महिला को काफी दूरी तक दुर्गम रास्ते पर डोली के सहारे ले जाना पड़ा। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने गर्भस्थ शिशु की मौत की पुष्टि की। महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे ICU में भर्ती किया गया है। फिलहाल, उसका इलाज चल रहा है।

## मुख्यमंत्री से मिले राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाक़ात की। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नति के संबंध में लंबित प्रक्रिया से अवगत करवाया। प्रदेश में वर्तमान में 1269 राज्य पुलिस सेवा की कैडर स्ट्रेंथ है एवं उनके प्रमोशन का एकमात्र अवसर निर्धारित आयु तक उनका आईपीएस में चयन होना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधिमंडल द्वारा नॉन कैडर पदों पर नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति के यथोचित अवसर एवं वन टाइम एक्सेम्पशन का सुझाव दिया गया।

## खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, तीन लोगों की मौत, नौ घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** बैतूल जिले के मुलताई फोरलेन पर शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना जीतू ढाबे के पास हुई, जहां तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके कई हिस्से अलग हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी यात्री महाराष्ट्र के नागपुर के समीप स्थित बुट्टी बोरी क्षेत्र के निवासी थे। श्रद्धालुओं का यह समूह सीहोर स्थित प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ था। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।हादसे में मृतकों में 42 वर्षीय दीपक और उनकी 40 वर्षीय पत्नी छाया की पहचान हो चुकी है।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey
Since 2002...
प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो ?
फूलों की सेज पर कुछ काँटे हों ?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो ?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी,
सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु
मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!
DETECTIVE GROUP
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9826044334
9826044334
7312433667
" संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं "

## संपादकीय

# चिकन्स नेक की अभेद्य सुरक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल में बीजेपी सरकार के आने से बॉर्डर पर जमीन से जुड़े विवाद सुलझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि रणनीतिक रूप से अहम सिलीगुड़ी कॉरिडोर , जिसे चिकन्स नेक भी कहा जाता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए एक खास ट्रायंगुलर सिक्योरिटी ग्रिड (त्रिभुजाकार सुरक्षा घेरा) बनाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सिलीगुड़ी स्थित सशस्त्र सीमा बल के नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर हेडक्वार्टर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लगभग 189 करोड़ रुपये की लागत वाली कई प्रशासनिक और आवासीय परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में गृह मंत्रालय और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। गृह मंत्री ने आगे कहा कि सिलीगुड़ी कॉरिडोर सबसे संवेदनशील इलाकों में से एक है जो आठ राज्यों को जोड़ता है और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत अहम है। हमने धुबरी (असम), किशनगंज (बिहार) और चोपड़ा (पश्चिम बंगाल) में तीन नए मिलिट्री गैरीसन (सैन्य छावनी) वाला एक (रक्षा) त्रिकोणीय ग्रिड तैयार किया है। इस अहम इलाके की सुरक्षा और तैयारी बनाए रखने के लिए 'तीस्ता प्रहार' जैसी सैन्य कवायदें की जा रही हैं। शाह ने कहा कि यह 'ग्रिड' इलाके में निगरानी, सैन्य मौजूदगी और प्रशासनिक नियंत्रण को काफी मजबूत करेगा। गृह मंत्री ने बताया कि 1965 में बनी SSB देश की विभिन्न सीमाओं की कुशलतापूर्वक सुरक्षा कर रही है और 2001 से भारत-नेपाल तथा 2004 से भारत-भूटान सीमा की जिम्मेदारी संभाल रही है। सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए क्षेत्र में 'तीस्ता प्रहार' जैसी सैन्य कवायदें जारी हैं। शाह ने 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग, रक्षा शक्ति, तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर (गति शक्ति) सहित सात मुख्य स्तंभों 'सप्त धारा' का उल्लेख भी किया।

## विक्रम बेताल की कहानी

# पत्नी किसकी?



कई प्रयासों के बाद राजा विक्रमादित्य ने एक बार फिर बेताल को पकड़ लिया। वह उसे जब योगी के पास ले जाने लगे, तो बेताल ने नई कहानी शुरू कर दी। बेताल ने नई कहानी सुनाते हुए कहा.

एक समय की बात है, धर्मपुर नाम के नगर में गंधर्वसेन नाम का युवक रहता था। गंधर्वसेन की कद-काठी बहुत आकर्षक थी। यही कारण था कि कई लड़कियां उससे विवाह करना चाहती थीं, लेकिन गंधर्वसेन को उनमें से एक भी लड़की पसंद नहीं थी। ब्राहमण पुत्र गंधर्वसेन जब अपने घोड़े पर सवार होकर नगर में निकलता था तो सारी लड़कियां उसे देखती रह जातीं। गंधर्वसेन किसी की तरफ नहीं देखता और तेज गति से नगर को पार करके रोजाना एक मंदिर की ओर निकल जाता था। यह मंदिर काली देवी का मंदिर था। गंधर्वसेन काली मां का बहुत बड़ा भक्त था। वो हर दिन मां काली की पूजा किया करता था।

एक दिन जब वो मंदिर से लौट रहा था तो उसने नदी के किनारे एक धोबी की लड़की को कपड़े धोते हुए देखा। वह लड़की गंधर्वसेन को बहुत सुन्दर लगी। गंधर्वसेन को उस लड़की से प्यार हो गया और वो दिन रात उसी के बारे में सोचने लगा। उसे लड़की से बात करने का कोई रास्ता नहीं सूझता। एक दिन उसने काली मां के मंदिर में पूजा करते हुए ये प्रतिज्ञा ली कि अगर वो लड़की उसकी हो गयी तो वो काली मां के चरणों में अपना शीश चढ़ा देगा। गंधर्वसेन खाना-पीना भूल चुका था, वो दिन रात उसी लड़की के बारे में सोचता रहता। इसका परिणाम ये हुआ कि गंधर्वसेन बीमार हो गया।

गंधर्वसेन की बीमारी की खबर सुनकर उसका सबसे अच्छा मित्र देवदत्त उससे मिलने आया। अपने परम मित्र को बिस्तर पर पड़ा देख देवदत्त ने उसकी उदासी का कारण पूछा। गंधर्वसेन ने देवदत्त को अपना हाल सुनाया और बोला कि उस लड़की से अगर मेरा विवाह नहीं हुआ तो मैं मर जाऊंगा। देवदत्त अपने मित्र से बहुत प्यार करता था, इसलिए उसने लड़की को ढूंढने की ठानी। देवदत्त उस लड़की को खोजने में सफल हुआ। देवदत्त ने उस लड़की के पिता से कहा कि अपनी बेटी की शादी गंधर्वसेन से कर दें। लड़की के पिता ने सारी स्थिति का जायजा लिया और अपनी बेटी का विवाह गंधर्वसेन से करा दिया।

शादी को पांच दिन बीत गए और गंधर्वसेन उस प्रतिज्ञा को भूल चुका था, जो उसने काली मंदिर में ली थी। एक दिन सपने में गंधर्वसेन को अपनी छाया दिखाई देती है। उसकी छाया उसे वो प्रतिज्ञा याद दिलाती है और कहती है कि अगर तुम ये प्रतिज्ञा पूरी नहीं करोगे तो स्वार्थी कहे जाओगे। अगले दिन गंधर्वसेन को अपनी गलती का अहसास होता है और वो काली मंदिर में अपनी बलि देने के लिए तैयार हो जाता है। वो अपने मित्र देवदत्त को बुलाता है और उससे कहता है कि मैं, तुम और तुम्हारी भाभी मंदिर चलते हैं। मैं मंदिर में अंदर पूजा करूंगा और तुम बाहर अपनी भाभी का ध्यान रखना।

देवदत्त मंदिर चलने को तैयार हो जाता है। दोनों दोस्त उस लड़की के साथ मंदिर पहुंचते हैं। गंधर्वसेन मंदिर के अंदर अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने चला जाता है। देवदत्त और गंधर्वसेन की पत्नी बाहर उसकी प्रतीक्षा करते हैं। बहुत समय तक जब गंधर्वसेन बाहर नहीं आता तो देवदत्त मंदिर के अंदर चला जाता है। देवदत्त अंदर जाकर देखता है कि गंधर्वसेन ने अपनी तलवार से अपना सिर काटकर काली मां को बलि चढ़ा दिया है। यह देखकर देवदत्त घबरा जाता है। देवदत्त सोचता है कि कोई भी व्यक्ति यह यकीन नहीं करेगा कि गंधर्वसेन ने अपनी हत्या खुद की है। सब ये सोचेंगे कि देवदत्त ने अपने मित्र को मारा है, ताकि वो उसकी पत्नी से विवाह कर सके।

इस आरोप से बचने के लिए देवदत्त ने गंधर्वसेन की तलवार से अपना सिर भी काट लिया।

थोड़े समय बाद गंधर्वसेन की पत्नी, अपने पति और उसके मित्र देवदत्त को खोजने मंदिर आयी। वहां दोनों मित्रों की लाश देखकर वो डर गयी। उसने सोचा कि लोग उन दोनों की हत्या का आरोप मेरे ऊपर लगाएंगे, इस लांछन से अच्छा है कि मैं भी मर जाऊं। जैसे ही उस लड़की ने अपना सिर काटने के लिए तलवार उठायी वैसे ही वहां मां काली प्रकट हुईं।

मां काली ने कहा, "पुत्री मैं तुमसे प्रसन्न हूं बोलो क्या वरदान मांगती हो।" लड़की ने कहा, "आप इन दोनों को जीवित कर दीजिए।" काली मां बोली, "तुम इन दोनों के सिर इनके धड़ों पर रखोगी तो ये जीवित हो जाएंगे।" लड़की ने ऐसा ही किया, लेकिन उससे सिर रखने में गलती हो गयी। उसने गंधर्वसेन का सिर देवदत्त और देवदत्त का सिर गंधर्वसेन के धड़ पर लगा दिया। दोनों मित्र जीवित होकर उस लड़की के लिए लड़ने लगे।

इतनी कहानी सुनाकर बेताल ने विक्रमादित्य से कहा, "राजन अब तुम ही बताओ कि उस लड़की का पति कौन है।" विक्रमादित्य को जवाब मालूम था। अगर वो चुप रहते तो बेताल उनका सिर धड़ से अलग कर देता, इसलिए विक्रमादित्य बोले, "व्यक्ति की पहचान उसके चेहरे से होती है, इसलिए देवदत्त उस लड़की का पति होगा, क्योंकि उसके धड़ पर गंधर्वसेन का मस्तिष्क वाला हिस्सा लगा है।" बेताल ने कहा, "इस बार भी तुमने सही जवाब दिया है, इसलिए मुझे फिर से उड़ जाना पड़ेगा।" इतना बोलकर बेताल फिर से घने जंगल की ओर उड़ गया। राजा विक्रमादित्य फिर से बेताल को ढूंढने के लिए उसके पीछे चल दिए।

### कहानी से सीख:

इंसान जो भी करता है अपने मस्तिष्क से ही करता है, इसलिए उसकी पहचान मस्तिष्क से ही होती है।

Bihar

# बेकाबू बस ने छठियार पार्टी में बरपाया कहर आर्केस्ट्रा देख रहे 10 लोगों को रौंदा, 5 की मौत

**बेतिया, (एजेंसी) बिहार के बेतिया में रफ्तार के कहर ने पांच लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया। हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। घटना एनएच 727 के बेतिया मार्ग में स्थित बसवरिया पराउटोला बनकटवा मध्य विद्यालय के सामने की है। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे गोरखपुर से बेतिया जा रहा बेकाबू बस ने एक नवजात की छठियार पार्टी में कोहराम मचा दिया। बस ने कम से कम लोगों को रौंद दिया, जिसमें 5 व्यक्तियों की मौत हो गई है। दो व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी और तीन व्यक्ति की मौत अस्पताल में हुई है। पांच व्यक्ति का इलाज चल रहा है। दो, तीन जख्मी को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।**



जानकारी के मुताबिक लौरिया के बसवरिया निवासी शत्रुघ्न दुबे के घर एक नवजात का छठियार समारोह मनाया जा रहा था। उनका घर सड़क के किनारे है। समारोह में भोज भात के साथ ऑर्केस्ट्रा का प्रोग्राम आयोजित किया गया था। आमंत्रित अतिथि और गांव के लोग ऑर्केस्ट्रा देख रहे थे। इसी बीच बेतिया की ओर से गैस सिलेंडर लदा ट्रक आ रहा था और लौरिया की ओर से शाही ट्रेवेल्स की बस जा रही थी। दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर की स्थिति आ गई। बचने के लिए बस ड्राइवर ने गाड़ी की दिशा बदल दी। तेज रफ्तार बस ऑरकेस्ट्रा देख रहे लोगों की भीड़ में घुस गई और कम से कम 10 लोगों को रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

Uttarpradesh

## 'मैं रिजाइन करता हूं, ईश्वर करेगा न्याय', कांवड़ियों के सामने कोतवाल का ऐलान, DJ पर हुआ था बवाल



**कन्नौज, (एजेंसी)** यूपी के कन्नौज में कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे को लेकर ऐसा बवाल हुआ कि मामला पुलिस और कांवड़ियों की भिड़ंत तक पहुंच गया. डीजे शहर के अंदर ले जाने से रोकना पुलिस को भारी पड़ गया. पहले कहासुनी हुई, फिर धक्का-मुक्की और उसके बाद कांवड़िए सड़क पर बैठकर धरना देने लगे. माहौल इतना गरमा गया कि प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों से माफी मांगनी पड़ी.

यहां तक कि कोतवाल ने भी कांवड़ियों के सामने भरे मैदान में अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया. आखिरकार डीजे को आगे ले जाने की अनुमति मिली और तब जाकर मामला शांत हुआ. ये कहानी हरदोई के बिलग्राम और आसपास के इलाकों से शुरू होती है. लोगों का कहना है कि पिछले करीब 30 साल से यहां से बड़ी संख्या में कांवड़िए कन्नौज के सिद्धपीठ गौरीशंकर मंदिर में गंगाजल चढ़ाने आते हैं.

इस बार भी हजारों कांवड़िए यात्रा पर निकले थे. कन्नौज में इनके लिए बोर्डिंग ग्राउंड में खाने-पीने से लेकर ठहरने और सेवा-सत्कार तक की व्यवस्था की गई थी. जत्था डीजे के साथ आगे बढ़ रहा था. कांवड़िए बेहद उत्साहित थे. लेकिन फिर पुलिस ने डीजे को लेकर रोक लगा दी.

पुलिस ने कहा- शहर में DJ नहीं जाएगा

जत्था जब कन्नौज शहर के अंदर जाने लगा तो पुलिस ने डीजे ले जाने पर आपत्ति जताई.

New Delhi

## हॉस्टल के कमरे में मृत मिली 19 साल की नर्सिंग छात्रा, फांसी लगाकर दी जान



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** छात्रा दिल्ली के नजफगढ़ की रहने वाली बताई जा रही है, जो बीएससी नर्सिंग के तीसरे साल में पढ़ाई कर रही थी. शुरुआती जांच के मुताबिक, उसने कथित तौर पर अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी. घटना की जानकारी मिलते ही राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन की टीम तुरंत जरूरी कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची. क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है और घटना के हालात की आगे की जांच चल रही है. अब इस मामले में दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल प्रशासन का बयान भी सामने आया है. अस्पताल ने बताया कि मामले की जांच चल रही है. इस घटना के बारे में जानकार हमें गहरा सदमा लगा और हम चिंतित हैं.

Maharashtra

## राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले सियासी टकराव, NSUI-ABVP कार्यकर्ताओं में झड़प, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**पुणे, (एजेंसी)** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले शुक्रवार को पुणे के सीओईपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। घटना के बाद परिसर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया।

एबीवीपी के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ता कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे की छात्राओं पर शनिवार को होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराने का दबाव बना रहे थे। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के समर्थन में बोलने वाली दो छात्राओं को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हॉस्टल के अंदर रोक लिया और उन्हें धमकी दी।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने घटना के बाद हॉस्टल का दौरा किया। उन्होंने दावा किया कि एबीवीपी कार्यकर्ता दोनों छात्राओं को धमका रहे थे। महाराष्ट्र प्रदेश यूथ कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष अक्षय जैन ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं ने अपनी छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याएं उठाई थीं और 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का समर्थन किया था।

खेल

# 4-3-4-5... बांग्लादेश के खिलाफ सिर्फ 22 गेंदों में ही झटक लिए 5 विकेट

**मकाय (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच 2026 के दूसरे टेस्ट की शुरुआत मिचेल स्टार्क के लिए किसी गोल्डन सपने से कम नहीं रही। नई गेंद हाथ में आते ही स्टार्क ने बांग्लादेशी बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। केवल 6.4 ओवर में उन्होंने 5 विकेट झटक लिए और बांग्लादेश को शुरुआती ओवरों में ही गहरे संकट में धकेल दिया। तब तक बांग्लादेश के सिर्फ 12 रन ही बने थे। यही नहीं, उन्होंने साउथ अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। वह अब टेस्ट क्रिकेट में विकेटों के मामले में स्टेन से आगे निकल गए हैं। स्टेन के नाम 439 विकेट थे।




टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। शुरुआती 5 विकेट मिचेल स्टार्क ने झटके, वह भी सिर्फ 22 गेंदों में। पारी की पहली ही गेंद पर स्टार्क ने शादमान इस्लाम को आउट करके अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। गेंद फुल थी और स्टंप्स की ओर आती हुई आखिरी क्षण में बाहर निकली। शादमान ने उसे ऑन-साइड में खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद ने मोटा लीडिंग एज लिया और कैमरन ग्रीन ने गली में आसान कैच पूरा किया। स्टार्क के लिए टेस्ट क्रिकेट में यह चौथी बार था जब उन्होंने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट हासिल किया।

इसके बाद मुमिनुल हक ने कुछ देर संभलने की कोशिश की और स्टार्क की गेंद पर एक चौका भी लगाया। लेकिन 2.1 ओवर में स्टार्क ने तंजिद हसन तमिम को भी चलता कर दिया। बाहर जाती हुई गेंद पर तंजिद ने हल्का सा बल्ला लगाया और तीसरी स्लिप में वेबस्टर ने कैच पकड़ लिया। शुरुआत में यह जांच की गई कि गेंद जमीन से तो नहीं लगी थी, लेकिन रिप्ले ने फैसला साफ कर दिया। अगली ही गेंद पर स्टार्क ने कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को LBW कर दिया। गेंद फुल थी। अंदर की ओर आई और पैड से जा टकराई। रिव्यू के बाद भी फैसला बरकरार रहा। लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर स्टार्क हैट्रिक के बेहद करीब पहुंच गए।

रहीम ने इसके बाद शानदार धैर्य दिखाया और लगातार स्टार्क की गेंदों को छोड़ते रहे। दूसरी ओर मुमिनुल ने एक-दो अच्छे शॉट खेले, लेकिन 4.5 ओवर में स्टार्क ने उन्हें भी गली में कैमरन ग्रीन के हाथों कैच करा दिया। गेंद बाहर की ओर स्विंग हुई और मुमिनुल के बल्ले का मोटा किनारा लग गया। इसके बाद स्टार्क का सबसे शानदार विकेट आया। लिटन दास को 6.4 ओवर में उन्होंने LBW कर दिया। पहले अंपायर ने नॉट आउट दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू लिया। गेंद लेग स्टंप के आसपास पड़ी, अंदर आई और लिटन के बैक पैड से जा टकराई। बॉल-ट्रैकिंग में वह आउट दिखे। इस विकेट के साथ स्टार्क ने पांच विकेट पूरे कर लिए।

इस तरह से 7 ओवर के बाद स्टार्क के आंकड़े 3 ओवर, 2 मेडन, 4 रन और 5 विकेट था। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह नई गेंद का असाधारण प्रदर्शन था।

सिनेमा

## अर्जुन बिजलानी ने कार एक्सीडेंट के बाद दिया अपडेट- मैं बिल्कुल ठीक, छोटा सा हादसा था, भगवान का शुक्र है



एक्टर अर्जुन बिजलानी की कार का हाल ही एक्सीडेंट हो गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ, वह अपनी एक ओटीटी प्रोजेक्ट की शूटिंग से वापस लौट रहे थे। अर्जुन बिजलानी एकदम सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई है। इसकी जानकारी उनकी टीम ने दी। अर्जुन आजकल अपने आने वाले OTT प्रोजेक्ट 'चुंबक कॉलोनी' का प्रमोशन कर रहे हैं। वो इस प्रोजेक्ट के प्रमोशन के सिलसिले में 'इंडियन गेम शो' में शामिल होने गए थे, लेकिन लौटते समय उनका एक्सीडेंट हो गया। उनकी टीम के मुताबिक, अर्जुन और उनके साथ ट्रैवल कर रहे सभी लोग सेफ हैं। कोई गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे के बाद अर्जुन की टीम ने उनके फैंस को राहत की खबर दी और बताया कि एक्टर की हालत बिल्कुल ठीक है। अर्जुन ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर हेल्थ अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि वह ठीक हैं। यह छोटा सा एक्सीडेंट था। साथ ही फैंस का उनके प्यार के लिए शुक्रिया अदा किया। इस घटना के बावजूद अर्जुन के अपकमिंग प्रोजेक्ट से जुड़े प्रमोशनल काम जारी हैं। वह जल्द ही 'चुंबक कॉलोनी' में नजर आएंगे, जिसे लेकर दर्शकों के बीच भी काफी उत्सुकता बनी हुई है।

## Highlights

1. Ex-Army Chief compares India's challenges with China and Pakistan
2. UP Police official resigns in front of Kanwariyas after clash, says 'God will deliver justice'
3. MP's son tests negative for drugs after crash in Hyd, avoids arrest
4. Why are swine flu (H1N1) cases rising in Delhi?
5. Teen threatening to jump off hill over iPhone demand falls to death, parents die trying to save him
6. 300-400 JMM workers attacked us with bricks & stones: Jharkhand student protester
7. Interpol issues Red Corner Notice against 2024 Sambhal violence mastermind Shariq Sata
8. Sisters dragged with dupattas, govt's goons tried to tear their clothes: J'khand student protesters


# What's next for Nvidia after the AI chip boom? Wall Street wants more—here's what investors need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** Nvidia is set to report its latest earnings on August 26, but Wall Street is not simply waiting to see whether the chip giant beats estimates. Investors already expect Nvidia to deliver a strong quarter and for CEO Jensen Huang to give a very positive outlook during the earnings call.

That creates a bigger challenge for the company because a strong earnings report may not be enough to push the stock much higher. Yahoo Finance reported that expectations are already running very high ahead of the results.

### *Nvidia stock has already been performing strongly*

Nvidia shares have also been doing well ahead of the earnings report. The stock has outperformed the S&P 500 by about five percentage points over the past month, according to Yahoo Finance AlphaSpace data. That strong performance means investors have already priced in a lot of good news.





### *Wall Street wants a new reason to value Nvidia higher*

The biggest question is what Nvidia can do beyond simply reporting strong earnings. HSBC analyst Frank Lee said Nvidia may need a new story or narrative to get another major increase in its stock valuation. Lee said earnings and Nvidia's product roadmap have become less important as reasons for investors to give the stock a higher valuation.

In simple terms, Wall Street already knows Nvidia is making a lot of money and has powerful AI chips. Investors now want to know what comes next. Lee believes one possible new story is Nvidia becoming the world's largest contributor to open-source AI. Lee said the growth of these smaller models could create a major opportunity for Nvidia.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.
www.detectivegroup.in
www.detectivesgroup.com
9111050101






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक